
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना उद्देश्य

आयोजन

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के तत्वाधान में विकास भवन सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्याशाला का मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार एवं प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्याशाला में आपदा प्रबंधन, सूचना अधिकार अधिनियम, महिला उत्पीड़न आदि के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्याशाला का शुभारंभ करते हुए मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल का मुख्य उद्देश्य है कि सुदूरवर्ती जिलों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन, सूचना अधिकार, सेवा का अधिकार, ई आफिस एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे कि प्रथम दिन आपदा प्रबंधन के तहत प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के अधिकारियों द्वारा जो भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है उसको सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ ग्रहण करें तथा किसी भी तरह की कोई शंका है तो उसका समाधान प्रशिक्षण के समय ही संबंधित अधिकारियों से उसका समाधान कर लिया जाए।



संयुक्त निदेशक प्रशासनिक अकादमी नैनीताल महेश कुमार ने कहा कि प्रशासनिक अकादमी का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ पर्वतीय जिलों में पहुंचकर जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पहले दिन आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है तथा दूसरे दिन सूचना का अधिकार अधिनियम एवं सेवा का अधिकार व ई–आफिस के संचालन में तथा तीसरे दिन महिलाओं के साथ किसी तरह का उत्पीड़न न हो इस संबंध में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है जो जोन–5 में आता है। इसके लिए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा घटित होने पर सभी का यह ध्येय होना चाहिए कि कम से कम समय में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि बड़ी घटना घटित होने पर उसे कम किया जा सके। इसके लिए सभी अधिकारी हर समय सतर्क एवं संवेदनशील रहें।

## न्यूज डायरी

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु की तिथि कराएं घोषित

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने दून जिलाधिकारी के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित किया ज्ञापन। ज्ञापन में समिति ने लिखा नेताजी संघर्ष समिति मांग करती है कि आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की मृत्यु की तिथि घोषित कराएं लोग उनकी जयंती 23 जनवरी को मनाते हैं लेकिन पुण्यतिथि की तारीख घोषित न होने के कारण वह अपने प्रिय नेता की पुण्यतिथि नहीं मना पाते हैं। नेताजी संघर्ष समिति आग्रह करती है कि आप शीघ्र अति शीघ्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की पुण्यतिथि की तिथि घोषित करने की महान कृपा करें। देशवासी सदैव नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के ऋणी रहेंगे क्योंकि उनके अथक प्रयासों से अंग्रेजों से मुक्ति मिली तथा उनके बलिदान से देश आजाद हुआ समिति चाहती है कि उक्त कार्रवाई से समिति को भी अवगत कराने की कृपा करें।

### एचएसबीसी एमएफ ने 'एसआईपी है हैशटैग फायदे वाली आदत' शुरू किया

**संवाददाता** देहरादून। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने एक डिजिटल निवेशक शिक्षा अभियान एसआईपी है हैशटैग फायदे वाली आदत, का आरंभ किया है, जो दीर्घ कालिन वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में एसआईपी की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। अपनी तरह के इस पहले अनूठे अभियान का लक्ष्य है भारत में 27 से 35 वर्ष के बीच की आयु के मिलेनियल निवेशकों को शिक्षित और सक्षम करना। भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग में नए निवेशकों का उल्लेखनीय रूप से प्रवेश दिखाई दिया है, जिसमें से एक विशाल हिस्सा मिलेनियल्स यानी नई सहस्त्राब्दि की पीढ़ी का है।

### एथलीटों की भागीदारी के साथ एसएफए चैंपियनशिप्स के लिए तैयार है उत्तराखंड!

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून का महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, परेड ग्राउंड और पैवेलियन ग्राउंड 9 अक्टूबर से एसएफए चौंपियनशिप में विभिन्न क्षेत्रों के एथलीटों के बीच मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस वर्ष उत्तराखंड में 400 से अधिक स्कूलों के 12000 से अधिक एथलीटों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इतनी भारी संख्या में रजिस्ट्रेशन भारत की इस सबसे बड़ी मल्टी–स्पोर्ट्स स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उत्साह और उमंग को दर्शाता है। एसएफए चौंपियनशिप के तीसरे एडिशन हेतु उत्तराखंड के पांच शहरों – देहरादून, मसूरी, ऋषिकेश, हरिद्वार और रूड़की में भारी संख्या में रजिस्ट्रेशन हुए हैं। एसएफए चैंपियनशिप भारत के प्रमुख टेक–एनेबल्ड मल्टी–स्पोर्ट्स स्कूल प्रतियोगिता मंच, स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) का एक प्रयास है।

# पथरी में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हाथी

**संवाददाता** हरिद्वार। जंगल और गंगा किनारे बसी आबादी में हाथियों की चहल–पहल जारी है। इससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों ने हाथियों को आबादी में आने से रोकने की मांग वन विभाग से की है। गांव मिस्सरपुर, पंजनहेड़ी, कटारपुर, चांदपुर, फेरुपुर, बिशनपुर, कुंडी, रानीमाजरा, किशनपुर में आए दिन हाथियों के झुंड आवाजाही करते हैं। हाथी गंगा किनारे तक पहुंचने के बाद खेतों में प्रवेश करते हैं। जिससे क्षेत्रवासियों को डर का सामना करना पड़ता है। पिछले कई दिनों से जंगल से हाथियों का झुंड लगातार आबादी क्षेत्र में पहुंच रहा है। हाथी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

सोमवार की रात भी हाथियों का झुंड ग्राम फेरुपुर आबादी में पहुंच गया। जहां हाथियों ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने हाथियों को आबादी क्षेत्र से निकालने का प्रयास किया, लेकिन हाथी केले की फसल को नष्ट करते रहे। टीम की कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों का झुंड जंगल की ओर चला गया।

वन दरोगा नंद किशोर पांडे ने बताया कि जंगली जानवरों को कृषि क्षेत्र में आने से रोकने के लिए वन विभाग की टीम लगातार गंगा किनारे गश्त कर रही है। सोमवार की रात भी हाथियों को कृषि क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही टीम ने रोका था, लेकिन हाथी अन्य रास्तों से खेतों तक पहुंच गए। कर्मचारियों को लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं।



## अवैध शराब की बिक्री पर रोक को लेकर आबकारी विभाग चला रहा सघन चैकिंग अभियान

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की बिक्री पर रोक को लेकर आबकारी विभाग द्वारा निरंतर सघन चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चलाए गए सघन चौकिंग के दौरान तीन अलग–अलग व्यक्तियों से अवैध शराब बरामद की गई है जिसके बाद उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी दीपाली शाह ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के दिशा–निर्देशों में क्रम में आबकारी निरीक्षक लालू राम के नेतृत्व में चलाए गए सघन चौकिंग अभियान के दौरान नाग में स्थित एक संदिग्ध व्यक्ति के दुकान की तलाशी लेने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति की दुकान से 26 अद्दे मैक डॉवल व्हिस्की अंग्रेजी शराब तथा जखोली चौकी में स्थित संदिग्ध व्यक्ति की दुकान से 29 अद्दे सोलमेट व्हिस्की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

# लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं का शत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच प्रत्येक लाभार्थी तक सुनिश्चित करने के मकसद के साथ जनपद रूद्रप्रयाग में आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रपति द्वारा शुभारंभ किए गए उक्त अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम का जनपद की 73 चिकित्सा इकाईयों में सजीव प्रसारण किया गया।

माधवाश्रम चिकित्सालय रूद्रप्रयाग में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह ने आयुष्मान भवः अभियान के तहत प्रत्येक जनपदवासी को स्वास्थ्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभाग के साथ–साथ सभी की

### आयुष्मान भवः अभियान का हो गया शुभारंभ

प्रभावी भागीदारी पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षय रोगियों की सहायता के लिए 10 नि–क्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया व जनपद में क्षय रोगियों की सहयता के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार द्वारा अभियान के तहत जनपद में सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने व इस सेवा पखवाड़े के दौरान लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं का शत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि आगामी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयुष्मान भवः अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत 17 सितंबर से हेल्थ एंडवेलनेस सेंटर में आयुष्मान सभा व आयुष्मान साप्ताहिक मेलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की कवरेज को अधिकतम करना है। ग्राम सभा पंचायत में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी बनाने के साथ–साथ सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजीव पाल ने कहा कि जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग में सुबह आठ बजे से अपराह्न आठ बजे तक आयुष्मान व गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

### फिलिप्स एजुकेशन ने खोला अत्याधुनिक मैन्यूफैक्चरिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**संवाददाता** हरिद्वार। एडवांस मैन्यूफैक्चरिंग एजुकेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर फिलिप्स एजुकेश ने हरिद्वार उत्तराखंड स्थित विशिष्ट गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में अपने सेंटर ऑफ एक्सीलैंस का उद्घाटन किया है। इस सेंटर ऑफ एक्सीलैंस (सीओई) की स्थापना उत्तराखंड वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूकेडब्ल्यूडीपी) के सहयोग से की गई है तथा इसे वर्ल्ड बैंक का समर्थन हासिल है। यह अत्याधुनिक सीओई देश में कम दक्ष निर्माण प्रक्रियाओं के स्थान पर उन्नत टैक्नोलॉजी के नए दौर की ओर इशारा करता है जो कि दुनिया के साथ भारत के कदमताल करने का भी सूचक है और इस बात का प्रमाण भी कि देश वैश्विक उत्कृष्टता के अनुरूप खुद को तैयार कर रहा है। इस मौके पर, सेंटर का दौरा भी आयोजित किया गया तथा जाने–माने वक्ताओं ने उपस्थित जनों को संबोधित किया।